>

Title : Need to sell pulses and edible oils through PDS in the country including Jharkhand.

श्री रवीन्द्र कुमार पाण्डेय (गिरिडीह): महोदय, देश में आज महंगाई की रफ्तार इतनी तेज है कि देश की आर्थिक संवृद्धि, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि, थोक-मूल्य सूचकांक आदि के बौद्धिक आंकड़े फेल हो गए हैं। देश में जब एनडीए का शासनकाल था, वर्ष 1996 से 2004 तक जो प्राइस कंट्रोल हुआ, आज हम लोग उसको तकिया-कलाम के रूप में लेते हैं।

सभापति महोदय, वर्ष 2007-08 की तुलना में 2008-09 में आर्थिक संवृद्धि में 2.1 प्रतिशत तक की गिरावट स्पष्ट रूप से दिखायी दी। अब हालत ऐसे हैं कि गरीब इस महंगाई से सामना करने के बजाय मौत को गले लगाना चाह रहा है।

सभापति महोदय, छठें पे-कमीशन से सरकार कर्मचारियों को वेतन वृद्धि का लाभ अवश्य मिला, लेकिन इससे शेष अन्य 100 करोड़ लोग वंचित हैं। सरकारी कर्मचारियों के बढ़े हुए वेतन महंगाई की मार से खाली हो रहे हैं।

अतः सरकार से आग्रह है कि झारखंड में पीडीएस के माध्यम से खाद्य तेल, दाल और सब्जी का वितरण प्रत्येक वर्ग के उपभोक्ताओं, खासकर गरीब वर्ग के उपभोक्ताओं के बीच सुनिश्चित कराया जाए, ताकि इस भीषण महंगाई से झारखंड की जनता को निजात मिल सके। इसके साथ-साथ गिरीडीह, धनबाद, बोकारो में जो गरीब हैं, उनको भी इससे जोड़ा जाए। धन्यवाद।